# मेरा सपना | By Sardar Romi |

**मेरा तो एक सपना है**
कि बस जाऊँ खाटू में,
श्याम की सेवा में
ये जीवन काटूँ मैं।
मैं दीवाना श्याम का,
मेरा तो एक सपना है…

**जहाँ चले हुकूमत श्याम की**
वो दरबार मिले,
मुझे हर पल हर क्षण
सांवरे का प्यार मिले।
सांवरे सुन ज़रा,
मेरा तो एक सपना है…

**जियूं मैं जब तक**
करूं श्याम की चाकरी,
निकले चौखट पर ही
साँसे आख़िरी।
दिन कटते नहीं श्याम बिन,
मेरा तो एक सपना है…

**मेरा हाल सुदामा सा**
कुछ कह न पाऊँ मैं,
तुझे छोड़कर बाबा
किधर को जाऊँ मैं।
हम कैसे जिएं तेरे बिन,
मेरा तो एक सपना है…

**मुझे प्रेम तो नरसी सा**
धन्ना सी दे दो लगन,
है चौखाणी संग रोमी
भी तुझमें ही मगन।
तेरे हाथों में मेरी डोर,
मेरा तो एक सपना है…

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%aa%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-sardar-romi/